कार्यालय जिलाधिकारी देवरिया

संख्या ________ / सात–भूलेख–15   दिनांक 27 जून 2015

(लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015)

शुद्धि–पत्र

लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 से सम्बन्धित इस जनपद से पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या–772 / सात–भूलेख / 2015 दिनांक 18.06.2015 में उल्लिखित लेखपाल पदों के रिक्तियों के विवरण को मा0 राजस्व परिषद उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–जी–207 / 4–34ए / 2013 दिनांक 24.06.2015 एवं शासन के अ0शा0 पत्र संख्या–39 / पी0एस0 / 2015 दिनांक 24.06.2015 में दिये गये निर्देशानुसार रिक्त श्रेणीवार विज्ञापित पदों में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

क्रम सं0	पदनाम	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति
1	2	3	4	5	6	7
1	लेखपाल	**385**	192	81	7	105

पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–772 / सात–भूलेख–2015 दिनांक 18.06.2015 में उल्लिखित शेष विवरण एवं शर्ते यथावत रहेगी।

(शरद कुमार सिंह)
अध्यक्ष, चयन समिति / जिलाधिकारी
देवरिया।

संख्या 799 (IX) / तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः– 1– सम्पादक, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र देवरिया को इस आशय से कि उपरोक्त शुद्धि–पत्र का प्रकाशन दिनांक 28.06.2015 के अंक में अति न्यूनतम स्पेस पर कराते हुए कटिंग की प्रति के साथ बिल बाउचर प्रस्तुत करें।

2– सहायक सूचना निदेशक, देवरिया को इस निर्देश से कि उपरोक्त शुद्धि–पत्र का प्रकाशन दिनांक 28.06.2015 के अंक में अनिवार्य रूप से कराने हेतु पृष्ठांकन संख्या–1 में उल्लिखित समाचार पत्रों के सम्पादकों को अपने स्तर से आवश्यक निर्देश निर्गत करें। उक्त के अतिरिक्त शुद्धि–पत्र का निःशुल्क प्रकाशन अन्य समाचार पत्रों में भी अपने स्तर से करावें।

3– समस्त उपजिलाधिकारी जनपद–देवरिया को इस निर्देश से कि उक्त शुद्धि–पत्र को तहसील के सूचना पट्ट पर चस्पा कराते हुए इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करावें।

4– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एन0आई0सी0) देवरिया को इस निर्देश से कि उक्त शुद्धि–पत्र को जनपद की वेबसाईट पर तत्काल अपलोड कर अवगत करावें।

5– जिला सेवायोजन अधिकारी देवरिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6– नाजिर सदर कलेक्ट्रेट देवरिया को इस निर्देश से कि शुद्धि–पत्र को कलेक्ट्रेट के विभिन्न सूचना पट्ट पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

27/6/15
अध्यक्ष, चयन समिति / जिलाधिकारी
देवरिया।